## संक्षिप्त

### सड़क सुरक्षा अभियान के पोस्टर का विमोचन

**मालपुरा।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान व महिला सशक्तिकरण फाउण्डेशन नेहरू युवा केन्द्र टोंक एवं नेहरू नवयुवक मंडल बृजलाल नगर के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान चलाये जाने की कार्य योजना को लेकर मंगलवार को एएसपी राकेश कुमार बैरवा ने व्यास सर्किल पर पोस्टर का विमोचन किया। संयोजक नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत सडक हादसो से वाहन चालको को बचाने के लिए उन्हे जागरूक करने के साथ-साथ यातायात नियमो की जानकारी दी जायेगी। साथ ही जागरूकता को लेकर पोस्टर बैनर के साथ-साथ रैली निकाली।

### अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**मालपुरा।** डिग्गी थाना पुलिस ने मंगलवार को दौराने गश्त प्रतापपुरा के पास से गुजर रहे अवैध बजरी से भरे ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्ती की कार्यवाही की। डिग्गी थानाधिकारी ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन पर रोकथाम को लेकर एसपी के आदेशों पर एवं एएसपी राकेश कुमार बैरवा व डीवाईएसपी सुशीलमान के निर्देशों की पालना में मंगलवार को कार्यवाही करते हुए प्रतापपुरा के पास से अवैध बजरी से भरे ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्त कर सुरक्षार्थ थाना परिसर में खडा करवाया गया तथा मौके से शंकर गुर्जर निवासी डेचवास को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया।

### पौषबड़ा का आयोजन

**पावटा।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत सुदरपुरा ढाढा की पहाड़ियों के मध्य बियाबान जंगल में स्थित नाडा वाले हनुमान मंदिर में मंगलवार को मंदिर महंत बिहारीदास महाराज के सानिंध्य में पोषबडा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं नाडा वाले हनुमान मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां पिछले पांच साल से अखंड रामायण पाठ अनवरत रूप से जारी है। जिसमें पाठ करने वालों ने बताया कि वैसे तो प्रभु की इच्छा तक पाठ जारी रहेंगे लेकिन भक्तों ने अगले पचास साल तक अपना अपना समय तय कर रखा है। कार्यक्रम में पंगत प्रसादी ग्रहण की।

### निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं 21 से

**कोटपूतली।** स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय में आगामी 21 जनवरी से इतिहास विषय की स्कूल व्याख्याता, (इतिहास) की प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग कक्षाऐं प्रारम्भ की जायेंगी। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ.राजेन्द्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इन कक्षाओं में इतिहास विषय के सहायक आचार्य सज्जन सिंह यादव एवं अशोक सिंह द्वारा अध्यापन करवाया जायेगा। कक्षा का समय प्रति कार्य दिवस दोपहर 2 बजे से सांय 5.00 बजे तक रहेगा।

### विद्यालय में कुर्सियां भेंट की

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कायमपुराबास के राजकीय माध्यमिक विद्यालय को भामाशाह सेवानिवृत व्याख्याता कृष्ण सिंह पुत्र नन्नू सिंह द्वारा करीब 20 हजार रूपये कीमत की 10 विजिटर कुर्सियां भेंट की गई। इस मौके पर मनोज कुमार, शिवपाल, रामबीर यादव, सुनील कुमार, अमित सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अलवर गैंगरेप पीड़िता व परिवार को न्याय दिलाने की मांग

**पावटा, (निसं)।** अलवर में मूकबधिर लडकी से अमानवीय घटना के मामले में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के निर्देशों पर कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा व पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी के नेतृत्व में प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पावटा भाजपा बालाजी मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी,

■ **भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन**

प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह शेखावत, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कैलाश ताखर सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अलवर की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम पावटा उपखंड कार्यालय तहसीलदार मुकेश अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में दोषियों की जल्द गिरतारी सहित पीड़िता को उचित मुआवजे की मांग रखी। रैली के दौरान पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा ने बताया कि हाल ही में अलवर में मूक बधिर बालिका के साथ हुई अमानवीय घटना मामले में कई दिन निकलने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस द्वारा अब तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है जिस को लेकर लोगों में रोष है। इसके साथ ही दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और पीडिता को उचित मुआवजे की मांग की है। वही पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी ने बताया कि प्रदेश में अमानवीय घटनाओं सहित आपराधिक घटनाएं बढ रही हैं। उनको लेकर सरकार को जल्द ही ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। ऐसे में उन्होंने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप राज्य सरकार को जल्द ही इस ओर कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान करने की मांग की है। पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने बताया कि प्रदेश में अपराध बढ रहा है तथा कानून व्यवस्था फैल होती हुई नजर आ रही है। आए दिन हत्या, लूट, महिला उत्पीडन, दुष्कर्म जैसी घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है लेकिन कांग्रेस सरकार इन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। जल्द ही इस दिशा में कदम उठाए जाने चाहिए। वहीं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कैलाश ताखर ने साफ शब्दों में कहा कि अगर सरकार इस मामले पर गंभीरता नहीं दिखाएगी तो आने वाले समय में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान, वीरेंद्र राठी, हितेंद्र लाटा, मंडल उपाध्यक्ष मोहन यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रागपुरा शंकर पंडित, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निधि चौधरी, काशीराम लंबोरा, शिवकुमार शर्मा, राहुल गोयल, बागावास पंचायत समिति प्रत्याशी हरि चोरिया, कृपाल सिंह शेखावत, मनोहर सिंह शेखावत, बूथ अध्यक्ष हरसहाय यादव, सज्जन चौधरी, गिरिराज ओला, कृष्ण ओला, हिमांशु गौड सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पावटा में भाजपाइयों ने अलवर गैंगरेप मामले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला जलाया।

## सुनार की दुकान से सोने चांदी से भरी तिजोरी को पिकअप में लोड कर ले गये चोर

**नारायणपुर, (निसं)।** इन दिनों उपखण्ड क्षेत्र में चोर इस तरीके से बेखौफ हो रहे हैं कि गत रात्रि को ग्राम पंचायत मुण्डावरा में चोरों ने एक सुनार की दुकान को निशाना बनाते हुए सोने, चांदी के आभूषणों से भरी तिजोरी को पिकअप में लोड कर ले गए।

जानकारी के अनुसार विजय सोनी निवासी कराणा गत 3 वर्षों से गांव मुण्डावरा में किराये की दुकान में सुनार का कार्य करता था बीती रात को चोरों ने उनकी दुकान की शटर के तालों को गैस कटर से काटकर तिजोरी में रखी 3 किलो चांदी व 10 ग्राम सोने के आभूषण तिजोरी सहित पिकअप में सवार कर पार कर ले गए। जिनकी कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रूपये बताई जा रही है।

दुकानदार को चोरी की सूचना सुबह साढ़े 7 बजे दुकान मालिक द्वारा फोन से दी गई थी। चोरी की सूचना पर नारायणपुर थानाधिकारी अजयसिंह शेखावत सहित थानागाजी सीओ आदित्य पूनिया ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया व अलवर से एमओबी टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। दुकानदार ने चोरी के संबन्ध में पुलिस में मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले हैं, जिसमें सवार लोग रात के करीब ढाई बजे पिकअप में तिजोरी ले जाते दिख रहे हैं।

## सार-समाचार

### मूकबधिर बालिका को न्याय दिलाने की मांग



**टोंक, (निसं)।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी जिला इकाई के कार्यकर्ताओं ने अलवर में दरिंदगी की शिकार हुई मूकबधिर बालिका के प्रकरण में पीड़िया को न्याय दिलाने की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, प्रदीप गौरा, दयाराम जाट, लक्ष्मण, कल्याण जाट, गणेश, मुकेश पुनिया आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि अलवर जिले में मूकबधिर नाबालिग के साथ जिस प्रकार दरिंदगी हुई उससे मानवता तार-तार हुई है, इस गंभीर प्रकण में राजस्थान की जनता की जनभावनाओं के अनुसार मांग की है कि प्रकरण में सीबीआई जांच कराने की बात राज्य सरकार ने की हैं, परन्तु सीबीआई जांच आवश्यक रुप से हो, उसकी सुनिश्चितता की जाएं, क्योकि पूर्व में ऐसे कई मामले सीबीआई के पास गए, परन्तु उसकी जांच सीबीआई ने शुरु तक नहीं की। पीडिता के परिजनों को 50 लाख का आर्थिक पैकेज दिया जाए। पीड़िता व उसके परिजनो को उच्च स्तरीय सुरक्षा प्रदान की जाएं। मानसिक विकृति से पीडित अपराधी बालक बालिकाओं के साथ ऐसे कुकृत्यो को अंजाम दे रहे है, ऐसे में इस प्रकार अपराधो की रोकथाम के लिए मनोवैज्ञानिक व मनोचिकित्सकों के मार्गदर्शन में जनजागरण अभियान चलाया जाएं।

### पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**चाकसू।** उपखंड की ग्राम पंचायत टूटोली में रिया कोचिंग क्लासेज के तत्वावधान में वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता टूटोली सरपंच राधामोहन शर्मा ने की। समारोह में मुख्य अतिथि माधोराजपुरा पंचायत समिति प्रधान अभिषेक गोठवाल, चाकसू पूर्व सरपंच बद्रीनारायण चौधरी, करेड़ा सरपंच राजेश चौधरी, के प्रदेशमंत्री बाबूजी रेहड़ा, डिवाइन चिल्ड्रन अकेडमी बोराज के निदेशक दामोदर शर्मा, डायनेमिक स्कूल ऑफ साइन्स बोराज के निदेशक मुकेश कुमावत रहे। रिया कोचिंग क्लासेज के संचालक कृष्ण कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया। जिसमें रिया प्रतिभा खोज परीक्षा 2022 में प्रथम 50 स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कोचिंग के विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। अतिथियों ने रिया कोचिंग क्लास में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया।

### कौशल विकास दिवस मनाया

**चाकसू।** नेहरू युवा केंद्र जयपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ब्लॉक चाकसू में कौशल विकास दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि पार्षद ममता मीणा और राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अनिल कुमार शर्मा, स्वामी विवेकानन्द युवा मण्डल के अध्यक्ष कमलेश शर्मा, कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा महासचिव महेश शर्मा सदस्य उमाशंकर शर्मा योगेंद्र शर्मा रूपनारायण शर्मा आदि मौजूद रहे। पार्षद मीणा ने कौशल विकास के बारे में बताया अनिल कुमार शर्मा ने युवा केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी और ग्रामीण महिलाओं और युवतियों को नेहरू युवा केंद्र के होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। हम किस प्रकार रोजगार पा सकते है ओर अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने भी कौशल विकास दिवस के बारे में बताया ओर कहा की आज का दिन युवाओं के लिए बहुत ही मायने रखता है क्योंकि इसे युथ स्किल्ड डे के रूप में पूरे भारत भर में मनाया जाता है। तरह-तरह की स्किल्स के बारे में बात की जाती है उनको आगे बढ़ाने की योजनाओं पर विचार होता है और इससे रोजगार के भी अवसर बढ़ते हैं।

### शराब सेल्समैन से लूट मामले में तीन बालक निरूद्ध

**पावटा।** शहर के प्रागपुरा थाना पुलिस ने गांव सुदरपुरा में शराब ठेके पर लूट मामले का राज पास करते हुए तीन विधि से संघर्षरत बालक निरुद्ध करने में सफलता प्राप्त की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नवाब खां ने बताया की ग्राम सुदरपुरा में शराब ठेके के सेल्समैन की कनपटी पर पिस्टल लगाकर डेढ लाख रुपए व मोबाइल लूट की गंभीर घटना को देखते हुए इस लूट का राज खोलने के लिए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली सुमित गुप्ता के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त कोटपुतली संध्या यादव के सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी हवा सिंह यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने पूर्व में 1 जनवरी को अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र हरिराम जाति गुर्जर उम्र 19 साल निवासी तालवा थाना प्रागपुरा जिला जयपुर को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की थी। वहीं 18 जनवरी टीम ने तीन विधि से संघर्षरत बालक निरुद्ध करने में सफलता प्राप्त की।

### मनरेगा कार्य स्थल का निरीक्षण किया

**मालपुरा।** मंगलवार को अजमेर संभाग स्तरीय टीम ने लाम्बाहरिसिंह पहुंच मनरेगा कार्य स्थल का निरीक्षण किया। टीम के अचानक कार्य स्थल पर पहुंच जांच करने पर कई श्रमिकों के पास औजार नहीं मिलने पर टीम ने श्रमिकों को तत्काल घरों के लिए रवाना किया। जिला परिषद एईएन आरपी शर्मा के साथ मालपुरा एईएन महेन्द्र कुमार जैन, रवि वैष्णव, सरपंच गीता देवी, सीआर रूपचंद आकोदिया, नरेगा सचिव शारदा शर्मा ने ठेकेदार शिवराज चौधरी आदि के साथ मौका निरीक्षण कर श्रमिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रदेश में सर्वाधिक मनरेगा श्रमिक लाम्बाहरिसिंह पंचायत में कार्य करने व ज्यादा से ज्यादा मस्टरोल स्वीकृतियों को मध्य नजर रखते हुए संभाग स्तरीय दल ने लाम्बाहरिसिंह का दौरा किया।

## भीख मांगने वाले 10 बच्चे टीबी से पीड़ित मिले

**अलवर, (निसं)।** फतेह जंग गुम्बद के पीछे लोहा मंडी में लुहार परिवारों के बीच चल रहे स्कूल में भीख मांगने वाले बच्चों के लिए लगाए चिकित्सा शिविर में 10 बच्चे टीबी संक्रमित मिले।

आप साथ दो सेवा समिति की ओर से यहां ऐसे बच्चों के लिए चलाए जा रहे स्कूल में नेक कमाई समूह की ओर से नीर फाउंडेशन महाराष्ट्र के सहयोग से चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर में चिकित्सकों की टीम ने इन बच्चों का पूरा स्वास्थ्य परीक्षण किया व दवाईयां दी। इसमें से गंभीर 10 बच्चों का टीबी का इलाज किया जाएगा तथा अन्य चिह्नित बच्चों की निशुल्क चिकित्सा होगी। इस अवसर पर बच्चों को डॉ. गोपाल राय चौधरी ट्रस्ट की ओर से जर्सियां वितरित की गई और स्टेशनरी प्रदान की।

■ **लुहार परिवारों के भीख मांगने वाले बच्चों के लिए लगाए चिकित्सा शिविर**

शिविर का उद्घाटन राजर्षि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी.यादव ने किया। उद्घाटन समारोह में नीर फाउंडेशन के पदाधिकारी रमेश ओटी, रमेश सिंह और चिकित्सक डॉ. के. पी. सिंह सहित आप साथ सेवा समिति के पदाधिकारियों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। नेक कमाई समूह की ओर से मुख्य ट्रस्टी अभिषेक तनेजा ने बताया कि इन बच्चों के पढ़ने के लिए स्कूल भवन बनाने के लिए जमीन के प्रयास सफल हो गए हैं जो चिह्नित हो गई है। मत्स्य विश्वविद्यालय के सहायक कुल सचिव आशुतोष शर्मा ने मंच संचालन करते हुए बताया कि शिविर में 100 से अधिक बच्चों की चिकित्सा की गई। आप साथ दो सेवा समिति की ओर से संरक्षक डॉ.पंकज गुप्ता और कैप्टन उमराव लाल सैनी ने इन बच्चों की समस्याओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सेवा भावी कार्यों के लिए दिनेश किराड, हेमंत यादव, हरविन्द अनेजा और सतीश वर्मा सहित इन जरूरत मंद बच्चों को पढाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में नेक कमाई समूह की ओर से अमित छाबडा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर ज्ञापन दिया

**टोंक, (निस)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय भाजपा शहर मंडल टोंक के कार्यकर्ताओं ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं महिला उत्पीडन की संख्या में बढ़ोतरी के विरोध में राज्यपाल के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन के नेतृत्व में शहर महामंत्री, तरुण टिक्कीवाल, रामावतार मेहरा, भाजपा वरिष्ठ नेता जयनारायण वर्मा, तारिक अजीज, विष्णु चावला, अमजद खान पार्षद, नफीस मंत्री,मोसिन खान, मनोज वाल्मीकि पार्षद, सीताराम चावला, विजय चावला आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि अलवर जिले में मूकबधिर बालिका के साथ सामूहिक बलात्कार किया है, जिसकी जांच को जानबूझ कर भटकाया गया और पीड़िता को न्याय दिलाने में सरकार असक्षम रही। देश में सर्वाधिक महिला अपराध राजस्थान में हो रहे हैं, फिर राज्य सरकार अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। भाजपाईयों ने मांग की है कि अलवर जिले में मूकबधिर बालिका के साथ गैंगरेप की घटना की निष्पक्ष जांच की जाएं और अपराधियों को उचित दंड दिया जाएं। संबंधित अधिकारियों को तुरंत बर्खास्त किया जाएं। राज्य सरकार द्वारा प्रशासन शहरो के संग अभियान के तहत टोंक नगर परिषद द्वारा समय पर जनता को पट्टे नही दिए जा रहे है और पट्टे के नाम पर प्रशासन द्वारा खूली लूट की जा रही है। इस मामले में सरकार उचित कार्यवाही कर जनता को राहत प्रदान करें।



राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं महिला उत्पीड़न की संख्या में बढ़ोतरी के विरोध में भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया।

## युवक की हत्या कर सरसों के खेत में फेंका शव

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पनियाला में एक युवक की अज्ञात लोगों द्वारा धार-दार हथियार से हत्या कर देने का मामला सामने आया है।


थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह ने बताया कि दोपहर बाद सूचना मिली थी कि राजमार्ग स्थित हिरामल बाबा के मन्दिर के पास एक सरसों के खेत में एक युवक का शव पड़ा है जिस पर थाना प्रभारी ने मैय जाप्ता घटना स्थल पहुंच कर मामले की जानकारी पुलिस उच्च अधिकारियों को दी। जिस पर एएसपी नवाब खां, सरूण्ड थाना प्रभारी दिलीप सिंह व प्रागपुरा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

इधर युवक का शव पड़ा होने की सूचना के बाद बडी संख्या में घटना स्थल पर ग्रामीण इक्ट्ठा हो गये। इस दौरान मृतक की पहचान गिरिराज पुत्र रामशरण पोसवाल निवासी पनियाला के रूप में हुई। पुलिस ने घटनाक्रम का जायजा लेते हुए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया जहां एफएसएल टीम के घटना स्थल से अहम साक्ष्य जुटाने के बाद मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए यहां के बीडीएम अस्पताल के मुर्दा घर में रखवाया है। मृतक के शरीर पर धार-दार हथियार के निशान मिले है।

मृतक का बुधवार को मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जायेगा। सुत्रों के हवाले से खबर है कि पुलिस ने देर रात तक कई लोगों को हिरस्त में लेकर पुछताछ शुरू कर दी है।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए 14 जोड़ों का पंजीयन हुआ

**फुलेरा।** कस्बे के निकट स्थित धार्मिक स्थल बन्धे बालाजी मन्दिर के पास श्री ब्रह्म प्रजापति समाज धर्मशाला में सोमवार को प्रातः 11 बजे प्रजापति समाज सामूहिक विवाह एवं विकास समिति की एक बैठक का आयोजन समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल मारवाल की अध्यक्षता में किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि बैठक में आगामी 5 फरवरी बसंत पंचमी को आयोजित होने वाले समाज के आठवें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चाएं की गई। गौरतलब है कि वहीं बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को राज्य सरकार की एडवाइजरी के अनुसार आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसकी व्यवस्था को लेकर विभिन्न समितियों का गठन कर सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। । वहीं आगे जानकारी देते हुए बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु समिति के द्वारा 14 जोड़ों का पंजीयन किया जा चुका है। जबकि 31 जोड़ों का लक्ष्य लिया गया था। बैठक के दौरान धन्ना लाल प्रजापति, हुक्माराम, गोपाल लाल, रामअवतार, बाबूलाल प्रजापति, कैलाश चन्द, कालूराम, ओमप्रकाश सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।





**बॉलीवुड फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार मंगलवार को सुरक्षा लवाजमे के साथ रणथंभौर से सड़क मार्ग से 3 दिन प्रवास के बाद रवाना हुए। अक्षय रविवार को परिवार के साथ रणथंभौर पहुंचे थे। अक्षय कुमार अपनी पत्नी टिंवकल खन्ना, बेटे आरव एवं बेटी नितारा के साथ अपनी मैनेजर को लेकर रणथंभौर रोड स्थित होटल शेर बाग में ठहरे हुए थे। सोमवार को उनकी शादी की 21 साल गिरह थी। इस दौरान पत्नी टिंवकल के साथ बैठकर समय बिताते नजर आये। दोनों ने एक दूसरे को शादी के 21 वीं साल गिरह की शुभकामनाएं दी। । जिसके बाद दोपहर समय अक्षय कुमार ने रणथंभौर नेशनल पार्क का भ्रमण किया। इस दौरान उनको जोन नम्बर 3 पर टाइग्रेस टी 124 रिद्धि की शानदार साइटिंग हुई। अक्षय के सामने टाइग्रेस ने एक चीतल पर हमला किया। टाइग्रेस द्वारा चीतल पर हमला करने का नाजारा अक्षय ने अपने मोइबाल में कैप्चर भी किया। सुरक्षा को देखते हुए अक्षय कुमार को गोपनीय तरीके से जंगल में प्रवेश दिया गया और जंगल के अन्दर अक्षय एवं उनका परिवार एक जिप्सी में सवार होकर जोन नम्बर 2 पर पहुंचे। लेकिन करीब 2 घन्टे घूमने के बाद उनको टाइगर की साइटिंग नहीं हुई फिर उनको जोन नम्बर 3 पर सफारी के लिए ले जाया गया जहां उन्हें टाइग्रेस रिद्धि की शानदार साइटिंग हुई। रणथंभौर नेशनल पार्क के गेट से जैसे ही अक्षय एवं उनकी फैमिली अन्दर दाखिल हुई पक्षी ट्री पाई टिंकल खन्ना के हाथों पर बैठ गयी फिर हाथ से उड़कर जिप्सी पर बैठ गयी। चिड़िया की अनोखी कलां को देख टिंकल खन्ना अभिभूत नजर आयी।**

## मालपुरा शहर में सफल रहा मंगलवार का वीकेंड कर्फ्यू, बाजार बंद रहे

**मालपुरा, (निसं)।** कोरोना की तीसरी लहर को मध्य नजर रखते हुए राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन में रविवार के वींकेंड कर्फ्यू के आदेशों में तब्दील करते हुए मालपुरा एसडीएम आरके वर्मा द्वारा व्यापारियों की मांग पर नया प्रयोग

■ **एसडीएम आरके वर्मा ने व्यापारियों की मांग पर मंगलवार के साप्ताहिक अवकाश को वीकेंड कर्फ्यू में तब्दील किया था**

कर मंगलवार के साप्ताहिक अवकाश को विकेंड कर्फ्यू में तब्दील किये जाने के चलते मंगलवार को मालपुरा शहर के बाजार पूर्ण रूप से बंद रहे तो लोग चाय व फल-सब्जी तक के लिए तरसते रहे।

मंगलवार को शहरी क्षेत्र में एक भी व्यापारी ने अपना प्रतिष्ठान खोलने की जहमत नहीं उठाई। पुलिस व प्रशासन रोजमर्रा की तरह मुस्तैद रहा। बाजारों में जहां दिनभर सन्नाटा पसरा रहा तो बड़े व्यापारियों के साथ-साथ फुटकर व्यापारी एवं फल सब्जी विक्रेताओं व थडी संचालकों ने भी अपने प्रतिष्ठान बंद रख एसडीएम के आदेशों एवं रविवार के बजाय मंगलवार के विकेंड कर्फ्यू व साप्ताहिक अवकाश का समर्थन किया। प्रदेश में जहां रविवार को विकेंड कर्फ्यू घोषित किये जाने के बावजूद मालपुरा एसडीएम ने गाईडलाईन में जारी आदेशों में स्वंय के स्तर पर तब्दील कर मंगलवार को विकेंड कर्फ्यू रखे जाने के लिये निर्णय के बाद मालपुरा शहर प्रदेश में एक ऐसा शहर बन गया जहां रविवार को बाजार पूर्णरूप से खुले रहे तो मंगलवार को विकेंड कर्फ्यू रहा। हालांकि व्यापारिक संगठनों के साथ-साथ आमजन ने इस प्रशासनिक फेरबदल पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि रविवार को गांवों में विकेंड कर्फ्यू होने के चलते शहर में ग्राहकों का टोटा रहा तो मंगलवार को मालपुरा शहर में विकेंड कर्फ्यू के चलते गांवों से कोई खरीददार नहीं पहुंचा।



मंगलवार को पूर्णरूप से बंद रहे मालपुरा शहर के बाजार।